# धान खरीदी अच्छी तरह से चल रही है, बारदाने की कमी नहीं: मुख्यमंत्री

**सरायपाली।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरायपाली में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में धान खरीदी अच्छी तरह से चल रही हैं, बारदाने की यहां कोई कमी नहीं हैं। शासन की योजनाओं से लोग लाभांवित हो रहे हैं। लोगों को बेहतर रोजगार मिल रहा है। पलायन में कमी आ रही है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि भेंट-मुलाक़ात का उद्देश्य शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन देखना और फ़ीडबैक लेना है। योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर हो रहा है या नहीं इसे देख रहा हूं। योजनाओं की जानकारी ले रहा हूं, समीक्षा कर रहा हूं। आम जनता की आय में वृद्धि करना सरकार का मुख्य लक्ष्य है। पिछले चार साल से हम अभियान में लगे हुए हैं, हमने रीपा की शुरूआत की है, निर्माण कार्यों अब तेजी से चलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य प्रमुख लक्ष्य है, संस्कृति को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढिया ओलंपिक की शुरुआत की गई है। धान ख़रीदी अच्छी तरह से चल रही है, बारदाने की कमी नहीं है। जिलों को बनाने, स्थापित करने में समय लगता है। केवल घोषणा से काम नहीं चलता। चुनाव के पहले शायद घोषणा नहीं हो पाएगी। मुख्यमंत्री ने सरायपाली में अपर कलेक्टर कार्यालय खोलने की घोषणा की तथा प्रेस क्लब के लिए 20 लाख की राशि मंजूरी की और सरायपाली में प्रेस क्लब के लिए भवन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बंधुआ मजदूरों को वापस लाने की कार्यवाही छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बड़े पैमाने पर की जा रही है, यदि जबरन पलायन हो रहा है तो हम कार्रवाई भी कर रहे हैं। पलायन में कमी आ रही है। शासन की योजनाओं से लोग लाभांवित हो रहे हैं। लोगों को बेहतर रोजगार मिल रहा है। बेहतर रोजगार मिलने से पलायन घटा है। सरकार की नीतियों एवं गतिविधियों के कारण बस्तर में नक्सली गतिविधि कम हुई है। बस्तर में नक्सली गतिविधियों पर कमी आई है। हमने 14 हज़ार शिक्षकों की भर्ती की। शिक्षकों की भर्ती का काम हो रहा है।

## इलियस केरकेट्टा पहली बार धान बेचने से खुश

**जशपुरनगर।** जशपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बोकी निवासी किसान इलियस केरकेट्टा पहली बार धान बेचकर खुश हैं। उन्होंने बताया कि पहले धान बेचने के लिए पंजीयन नहीं हो पाया था जिले के कारण खुले मार्केट में धान बेचना पड़ता था। अब जिला प्रशासन ने उनका प्राथमिकता से पंजीयन किया है जिसके बाद नजदीक के आरा धान खरीदी केन्द्र में धान बेच पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष उनका धान बेचने के लिए 5.479 हेक्टेर का पंजीयन किया गया है। किसान इलियस केरकेट्टा ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन किसानों को उनकी उपज का सही दाम दे रही है। उल्लेखनीय है सभी उपार्जन केंद्रों में सुव्यवस्थित और निरंतर धान ख़रीदी की जा रही है।

# धमतरी पुलिस द्वारा छात्र-छात्राओं को सायबर अपराध के संबंध में किया गया जागरूक

■ पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देश पर सभी थाना क्षेत्रों में लगातार किया जा रहा है जागरूक

**धमतरी।** पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रशांत ठाकुर के निर्देश में उप पुलिस अधीक्षक अजाक रागिनी तिवारी के नेतृत्व में यातायात प्रभारी के. देव राजू एंव सउनि मोहन निषाद द्वारा सड़क सुरक्षा, यातायात शिक्षा अभियान के तहत बुधवार को हाई स्कूल आमदी एंव हाई स्कुल रूद्री में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के बारे में जानकारी देकर बताया गया की दोपहिया, चारपहिया वाहन चालन के दौरान अनिवार्य रूप से हेलमेट व सीटबेल्ट पहन कर वाहन चालन करना चाहिये।

हेलमेट, सीटबेल्ट नही पहनने से दुर्घटना होने की स्थिति में जीवन संकटापन्न होकर मृत्यु होने की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए वाहन चालन के दौरान हेलमेट सीटबेल्ट का उपयोग स्वयं करे एवं दूसरों को भी उपयोग करने प्रोत्साहित करें। बिना लायसेंस, बिना बीमा कराये वाहन न चलाये।

वाहन हमेशा बॉये ओर चलाये, ओव्हर स्पीड से वाहन न चलाये साथ ही संकरा रास्ता, मोड़ पर ओव्हरटेक न करें। एम्बुलेंश अग्नि शमन वाहन को मार्ग चलने के दौरान पहले जाने के लिए रास्ता दे दुर्घटना होने की स्थिति में घायलों की मदद करें, 108, 100 नंबर डायल कर पुलिस व एम्बुलेंश को सूचित करें, बताया गया ।

उप पुलिस अधीक्षक अजाक श्रीमति रागनी तिवारी के द्वारा बच्चो को सायबर अपराध के संबंध में बताया गया की मोबाईल में आये हुये कोई भी अनजान लिंक को टच न करे न ही खोले अनजान काल से पूछे जाने वाले ओटीपी पिन नंबर के संबध में जानकारी मागने पर न देवे आन लाईन गेम न खेले युपीआई आई डी किसी को न बताने समझाईश दिया गया व बालिकाओं को गुड टच बेड टच के बारे में जानकारी दी गई साथ ही यातायात नियमों का स्वयं पालन कर दूसरों को पालन करने बताकर यातायात पुलिस का सहयोग करने अपील की गई।

उक्त कार्यक्रम में निरीक्षक गगन बाजपेयी थाना प्रभारी अर्जुनी यातायात से सउनि मोहन निषाद प्र. आर. जितेन्द्र कृदत्त आर. जुनैद खान प्रेमन मरकाम, चम्पु सोनी संतोष ठाकुर शक्ति टीम आमदी स्कुल के श्री चन्द्रहास सेन, श्रीमति पुर्णिमा साहू, श्री तारकेश्वर प्रसाद पाण्डेय, रूद्री हाई स्कुल के स्टाप एन सी सोनवानी विक्रांत प्रीति साहू जेसी सामी एंव 500 छात्र - छात्रायें उपस्थित रहे ।

# संसदीय सचिव जैन ने चार पंचायतों में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

■ मूलभूत सुविधाओं के लिए रकम की कमी नहीं

**जगदलपुर।** संसदीय सचिव व जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन ने बुधवार को नगरनार क्षेत्र के चार पंचायतों में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जगदलपुर ब्लॉक के खूँटपदर में सर्वप्रथम पहुंचकर उन्होने उपस्थित लोगों से कोदई माता का जयकारा लगवाया और मातागुड़ी निर्माण के लिए चेक सौंपा। इस दौरान उन्होने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार आने के बाद से क्षेत्र विकास को अत्यधिक गति मिली है। शहर से गांव तक मूलभूत सुविधाओं के लिए रकम की कमी नहीं है। व्यावसायिक परिसर के निर्माण से युवाओं को रोजगार मिलेगा। कांग्रेस ब्लॉक कमेटी अध्यक्ष बीरेन्द्र साहनी ने कहा कि 15 साल में भाजपा सरकार किसानों को उनकी उपज का सही दाम नहीं दे पाई लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक क्विंटल धान के लिए 2600 रुपए दिए हैं। विधायक रेखचंद जैन क्षेत्र में विकास के लिए सतत प्रयास कर रहे हैं। वे लोगों के दुख- सुख में भी खड़े रहते हैं। मारकेल एक के सरपंच बलराम कुकडू ने कहा कि पहले केवल साहूकारों को रकम मिलती थी लेकिन अब गरीबों को भी सात हजार रुपए मिल रहे हैं। उन्होने प्रदेश में फिर से एक बार भूपेश बघेल की सरकार बनाने की अपील लोगों से की।



इस दौरान नगरनार सरपंच लैखन बघेल, जगदलपुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गौतम पाटिल, सरपंच माड़पाल श्रीमती मन्दना नाग, मारकेल दो सरपंच रजनी नाग, खूँटपदर सरपंच रायबली नाग, सुकुलधर, भानुप्रताप, जयराम नाग, बनमाली नाग, गुसेश यादव, सम्पत कश्यप, दल प्रसाद मांझी, राजेश कश्यप, पूर्णिमा सिरिल, शिव प्रसाद, श्याम लाल, लिमबती आनंद, सुन्दरानी, कमल राम सेठिया, जगत राम पटेल, बलिराम नाग, देवी सिंग बघेल, पद्मिनी नाग, भैरव सिंग पुजारी, शहर कांग्रेस महामंत्री गौरनाथ नाग, सांसद प्रतिनिधि धनुर्जय दास, संजय नाग, संतोष सेठिया, विजय सिंह, कुलदीप भदौरिया, पुजारी गण, पटेल गण, कोटवार गण, सचिव गण समेत ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### इन पंचायतों में किया भूमिपूजन

बुधवार को विधायक श्री जैन ने खूँटपदर, मारकेल 1 व मारकेल 2 तथा माड़पाल में भूमिपूजन किया। इन पंचायतों में देवगुड़ी मरम्मत, शौचालय निर्माण, व्यावसायिक परिसर निर्माण, सीसी सड़क, नाली निर्माण, उचित मूल्य दुकान निर्माण, आंगनबाड़ी निर्माण आदि कार्य सम्मिलित हैं। बुधवार को इन पंचायतों में एक करोड़ 55 लाख 71 हजार रुपए के कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

# जिले में सड़कों का निर्माण कार्य जारी, हो रही नियमित मॉनिटरिंग

**रायगढ़।** जिले में जर्जर सड़कों के निर्माण और मरम्मत का कार्य जारी है। अधिकारी नियमित रूप से बैठक लेकर और फील्ड विजिट के माध्यम से कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। ठेकेदारों के काम की हर हफ्ते समीक्षा की जा रही है, जिससे सड़क निर्माण कार्य में प्रगति देखने को मिल रही है। कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग आर.के.खांबरा ने जिले में सड़कों के निर्माण कार्य के प्रगति के बारे में बताया कि सड़कों में अलग-अलग चरणों में कार्य चल रहे हैं। सड़कों पर जीएसबी, डब्ल्यूबीएम, रिटर्निंग वाल का निर्माण, डामरीकरण जैसे कार्य किए जा रहे है।

उन्होंने बताया कि चन्द्रपुर-डभरा-खरसिया-छाल-हाटी-धरमजयगढ़-पत्थलगांव मार्ग लंबाई 91 कि.मी. मार्ग का उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य प्रगति पर है। इसी तरह मार्ग के क्षतिग्रस्त भाग धरमजयगढ़ से भण्डारीमुड़ा, ग्राम बायसी के पास एवं बाकारूमा से चरखापारा के बीच डामर स्केरिफाईंग कर जीएसबी कार्य पूर्ण करा लिया गया है। मार्ग में आवागमन सुचारू रूप से चल रहा है। वर्तमान में मार्ग में 20 कि.मी.मिट्टी कार्य, 3.50 कि.मी.सबग्रेड कार्य, जीएसबी-4.50 कि.मी.(प्रथम परत), रिटर्निंगवॉल-708 मीटर, नाली-3120 मीटर पूर्ण कर लिया गया है तथा पुल-पुलिया-14 नग पूर्ण एवं 3 नग प्रगति पर है। रायगढ़-धरमजयगढ़ मार्ग के 56 कि.मी.भाग में चौड़ीकरण एवं नवीनीकरण कार्य प्रगति पर है। उर्दना तिराहा मार्ग, केलो डेम के पास, स्टार ढाबा से लेकर गेरवानी बस्ती एवं तराईमाल से बंजारी घाट तक जो मार्ग क्षतिग्रस्त था उसमें डामर स्केरिफाईंग कर जीएसबी कार्य पूर्ण करा लिया गया है। मार्ग में-700 मीटर में रिटर्निंगवाल पूर्ण हो गया है। जीएसबी-5 कि.मी., रिनिवल भाग में पेच कार्य 2 कि.मी., डामर स्केरिफाईंग-4.50 कि.मी.सोल्डर में जीएसबी एवं डब्ल्यूबीएम-19.50 किमी, डीबीएम-8 कि.मी., नाली-1300 मीटर एवं पुल-पुलिया 2 नग प्रगति पर है। घरघोड़ा से जामपाली 138/8 से 157/6 कि.मी. तक कुल 19 कि.मी. में चौड़ीकरण एवं मजबूती कार्य के तहत मार्ग में जीएसबी-3.35 कि.मी.(11 मीटर पुरी चौड़ाई में) एवं 8.25 कि.मी.(2.50 मीटर चौड़ाई में दोनो तरफ),डब्ल्यूएमएम 0.65 कि.मी., डामरीकरण-0.625 किमी, नाली-625 मीटर, डामर स्केरिफाईंग-1.50 कि.मी.एवं पुल-पुलिया 2 नग पूर्ण एवं 01 नग प्रगति पर है। छाल-घरघोड़ा मार्ग लंबाई 23.40 कि.मी.में उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य-मार्ग में डामर स्केरिफाईंग-10.40 कि.मी., सबग्रेड-2.60 कि.मी.,जीएसबी-1.20 कि.मी.,डब्ल्यू.एम.एम.-2.63 कि.मी.(प्रथम परत) डामर नवीनीकरण 1.00 कि.मी.का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

# विभिन्न चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों में जलाए जा रहे अलाव

## बढ़ती ठंड कों देखते हुए निगम ने उठाए कदम

**कोरबा।** नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने सभी जोन के प्रमुख चौक-चौराहों, अधिक आवाजाही वाले स्थानों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि सहित अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं, लगातार बढ़ रही ठंड के इस मौसम में अलाव लोगों को ठंड से बचने हेतु सहारा बन रहे हैं।



शीत ऋतु के आगमन व बढ़ती ठंड को देखते हुए महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने राहगीरों, नागरिकों को अलाव सुविधा उपलब्ध कराने के मद्देनजर निगम क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थानों तथा ज्यादा आवाजाही वाले स्थलों में रात्रि के समय अलाव जलाए जाने के निर्देश निगम के जोन अधिकारियों को दिए गए हैं, जिसके तहत निगम द्वारा कोरबा शहर तथा उसके उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैण्ड रेलवे स्टेशन आदि में शाम होते ही प्रतिदिन अलाव जलाए जा रहे हैं, ठंड से बचने के लिए लोग इन अलावों का सहारा ले रहे हैं।

इन स्थानों पर जलाए जा रहे अलाव- नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा रेलवे स्टेशन कोरबा, पुराना बस स्टैण्ड, सुनालिया चौक, चिमनीभटठा, टी.पी.नगर चौक, नया बस स्टैण्ड, स्टेडियम गेट चौक, सी.एस.ई.बी.चौक, महाराणा प्रताप चौक बुधवारी, नीलाम्बरी चौक, एस.पी. आफिस तिराहा, जैन चौक, निहारिका सुभाष चौक, गुरू घांसीदास चौक, मुड़ापार बाजार, घंटाघर, बस स्टैण्ड बालको, अमरसिंह होटल के पास बालको, परसाभांठा बाजार, एन.टी.पी.सी. गेट जमनीपाली, सिंधिया चौक दर्री, सरदार पटेलनगर पेट्रोल पम्प, जैलगांव चौक, गेवरा चौक, विकासनगर बाजार के पास, इमलीछापर चौक, बांकीमोंगरा जोन के शक्ति चौक, सोमवारी बाजार व बजरंग बली चौक सहित अन्य स्थानों में अलाव जलाए जा रहे हैं।

छत्तीसगढ़ प्रमुख समाचार

## गौठान स्थित तालाब में मछली पालन को बनाया कमाई का जरिया

**कोरिया।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले के गौठानो में स्थित तालाबों में मत्स्य पालन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित कर मत्स्य पालन कार्य से जोड़ा गया है। घरेलू काम-काज में व्यस्त रहने वाली महिलाओं के लिए गौठान आर्थिक उन्नति का नवीन माध्यम बनकर उभरे हैं, आजीविकामूलक गतिविधियों से महिलाओं के जीवन में बदलाव आया है। इसी कड़ी में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के ग्राम चेरवापारा की मातेश्वरी महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं के जीवन में तब बदलाव आया जब उन्होंने मत्स्य पालन का कार्य शुरू किया। समूह की अध्यक्ष प्रमिना बताती हैं कि हमारे समूह में 10 महिलाएं हैं। हम आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कुछ काम करना चाहते थे, पर मार्गदर्शन के अभाव में बात नहीं बन पा रही थी। जब जिला प्रशासन के अंतर्गत मत्स्य विभाग के अधिकारियों द्वारा हमें मत्स्य पालन के विषय में जानकारी दी गई, तो महिलाओं में यह काम करने की जिज्ञासा जागी।

## फिजियोथेरेपिस्ट के रिक्त 2 पदों पर भर्ती हेतु इंटरव्यू 21 को

**जगदलपुर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बस्तर द्वारा दिव्यांगजन एवं वृद्धजन के कल्याण हेतु जाकर फिजियोथेरेपी ऑन व्हील सेवा के माध्यम से बस्तर जिला के गांव-गांव पहुंचकर सेवा प्रदान करने हेतु फिजियोथेरेपिस्ट के रिक्त 02 पदों पर भर्ती के लिए वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। वॉक इन इंटरव्यू का आयोजन 21 दिसम्बर 2022 दिन बुधवार को प्रातः 11 बजे से अपर कलेक्टर कक्ष कार्यालय कलेक्टर जिला बस्तर, जगदलपुर में किया जाएगा। इसके माध्यम से एक पुरूष व एक महिला फिजोयोथेरेपिस्ट का चयन किया जाएगा। रिक्त पदों की जानकारी, दिशा-निर्देश एवं आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बस्तर पता-कक्ष क्रमांक एस-33, द्वितीय तल, कम्पोजिट बिल्डिंग, जिला कलेक्टर कार्यालय जगदलपुर के सूचना पटल में देखा जा सकता है।



## नॉन इंटरलोकिंग कार्य, तीन ट्रेन परिवर्तित मार्ग से चलेंगी

**बिलासपुर।** उत्तर रेलवे के दिल्ली रेल मंडल के अंतर्गत दिल्ली-एरिया खंड के पटेल नगर रेलवे स्टेशन में नॉन इंटरलोकिंग का कार्य 17 से 21 दिसम्बर तक किया जायेगा। जिसके कारण उत्तर रेलवे एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली कुछ गाडियो को परिवर्तित मार्ग रवाना की जाएगी। 16, 17 एवं 20 दिसम्बर को छिंदवाड़ा से चलने वाली 14623 छिंदवाड़ा-फिरोजपुर पातालकोठ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मथुरा-अलवर- रेवाड़ी-अस्थल बोहर होकर रवाना होगी। 17 एवं 18 दिसम्बर को फिरोजपुर से चलने वाली 14624 फिरोजपुर-छिंदवाड़ा पातालकोठ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग अस्थल बोहर-रेवाड़ी-अलवर-मथुरा होकर रवाना होगी। 20 दिसम्बर को दुर्ग से चलने वाली 12549 दुर्ग-जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग पलवल-नई दिल्ली- आदर्श नगर दिल्ली होकर रवाना होगी।



## अवैध परिवहन के खिलाफ विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई

**सूरजपुर।** कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा बनाये गये दल एवं खनिज अमला तथा जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा जिले में खनिजों का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वाले अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध सतत् जाच एवं कार्यवाही की जा रही है। जांच के दौरान खनिजों पत्थर, गिट्टी, मुरूम, मिट्टी ईंट, रेत आदि का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते पाये जाने पर ऐसे कार्यों में संलग्न मशीनरी एवं वाहनों को नियमानुसार जप्त कर अवैध उत्खनन, परिवहन का प्रकरण दर्ज किया जा रहा है, तथा अर्थदण्ड की वसूली भी की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। माह नवम्बर में विभागीय अमला एवं जिले में गठित टास्क फोर्स के द्वारा खनिज रेत, मिट्टी ईंट एवं गिट्टी का अवैध परिवहन में सलग्न 26 वाहनों के विरूध्द नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अवैध परिवहनकर्ताओं से अर्थदण्ड के रूप में राशि रूपये 404809.00 वसूल कर खजाना दाखिल कराया जा चुका है।

## विधायक और कलेक्टर पहुंचे विशेष राजस्व शिविर में

**कोरबा।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरूषोत्तम कंवर और कलेक्टर संजीव झा आज जनपद पंचायत पाली के अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदीबाजार में भू-अर्जन से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित विशेष राजस्व शिविर में शामिल हुए। विधायक और कलेक्टर ने हरदीबाजार के पंचायत भवन में आयोजित राजस्व निराकरण शिविर में शामिल होकर मौजूद लोगों की समस्याओं और सुझावों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने हरदीबाजार और आसपास गांवो के किसानों के भू-अर्जन से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही एसईसीएल द्वारा किए गए भू-अर्जन के प्रकरणों में मुआवजा वितरण के समस्याओं को सुलझाने के लिए जरूरी सलाह भी दिये। कलेक्टर ने फौती, बंटवारा के लिए लंबित प्रकरणों को तेजी से निराकृत कर मुआवजा वितरण में आवश्यक सहयोग करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने शिविर में प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता में लेते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# सोलर पंपों की स्थापना से दुर्गम क्षेत्रों को मिल रही सिंचाई सुविधा

■ 14 आदिवासी परिवारों के यहां लगा सोलर पंप

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** नवगठित गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले के ऐसे पहुंच विहीन दुर्गम क्षेत्रों में जहां बिजली कनेक्शन नहीं पहुंच पा रहा है, वहां सोलर पावर पंपों की स्थापना से सिंचाई सुविधा मिल रही है। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा सौर सुजला योजना के तहत सोलर पंपो की स्थापना की जा रही है। अब तक जिले में 800 से ज्यादा सोलर पंपों की स्थापना की जा चुकी है। इनमें सुराजी गांव योजना के तहत गौठानों, चारागाहों में स्थापित सोलर पंप भी शामिल है। इसके अलावा एकीकृति आदिवासी विकास परियोजना द्वारा सोलर पंप के लिए जारी किये गये हितग्राही अंशदान राशि से क्रेडा द्वारा सौर सुजला योजना के तहत 14 आदिवासी परिवारों के यहां भी सोलर पंपों की स्थापना की जा चुकी है।



जिले के किसान कृषि कार्यो के लिए विद्युत की कमी होने के कारण कृषि योग्य भूमि होने के बावजूद भी अपने पूर्ण दक्षता से कृषि करने में असमर्थ थे, अब सौर सुजला योजना से सोलर पंप लगने से उन्हे सिंचाई सुविधा मिल रही है। इससे उनकी आमदनी एवं आजीविका में भी सुधार हुआ है। सिंचाई के लिए वर्षा जल पर निर्भरता के कारण वे सिर्फ धान की ही खेती कर पाते थे लेकिन खेतों में सोलर पंप लग जाने से अब वे धान के साथ-साथ सब्जी, भाजी, सरसों, गेंहूँ आदि रबी फसलों की भी खेती कर रहे है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में निरंतर सुधार देखने को मिल रहा है।

# मोहला जिले में 28 फरवरी तक पंजीकृत किसानों से की जाएगी मक्के की खरींदी

**मोहला।** शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2022-23 में मक्का के उपार्जन के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य 1962 रूपए प्रति क्विंटल किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी द्वारा 28 फरवरी 2023 तक प्राथमिक कृषि साख समितियों एवं लेम्प्स के माध्यम से पंजीकृत किसानों से औसत अच्छी किस्म व गुणवत्तायुक्त मक्का खरीदी की जाएगी। मक्का में नमी का मापदण्ड 14 प्रतिशत निर्धारित है। मक्का खरीदी की अधिकतम सीमा 10 क्विंटल प्रति एकड़ लिकिंग सहित निर्धारित किया गया है। जिले में मक्का खरीदी के लिए पंजीकृत कुल किसानों की समितिवार संख्या 1087, रकबा 152.2867 हेक्टेयर है। किसानों से मक्का खरीदी की राशि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के माध्यम से किसानों को भुगतान उनके बैंक खाता में राशि अंतरण किया जाएगा। कृषक अच्छी किस्म के निर्धारित मापदण्ड का मक्का अपने उपार्जित मक्का जिले के विकासखण्ड की समितियों व उपार्जन केन्द्र में विक्रय कर सकते है। कृषकों को किसी भी प्रकार की समस्या या कठिनाई होने पर खाद्य विभाग के कॉल सेंटर नंबर 1800-233-3663 से सम्पर्क कर निराकरण करा सकते है।

